# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–06 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संवाद के लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के नवें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र की अपनी एक अलग शैली होती है और उसे अपनी तैयारी के तरीके पर पूरा विश्वास रखना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि शिक्षकों को प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की गति के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए।

**टीचर का यह प्रयास रहना चाहिए कि स्टूडेंट की यह स्पीड है, एक कदम ज्यादा स्पीड मेरी रहेगी। ज्यादा नहीं। हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच में हो, लेकिन पकड़ में न हो।**

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सच्चा आत्मविश्वास स्वयं के प्रति ईमानदार रहने से आता है। उन्होंने कहा कि आरामदेह माहौल जीवन को आकार नहीं देता, बल्कि जीने का तरीका आकार देता है। सपनों के अभाव को एक गंभीर गलती बताते हुए प्रधानमंत्री ने छात्रों से बड़े सपने देखने, कम डरने और जीवनियों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। प्रदेश के अलग–अलग जिलों में भी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखा और इसकी सराहना की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज हरिद्वार में आयोजित ब्रम्हलीन स्वामी सत्यमित्रानन्दगिरि जी महराज की समाधि मंदिर के लोकार्पण एवं श्री विग्रह मूर्ति के स्थापना समारोह में शामिल हुए। समारोह में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी शिरकत की। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि पूज्य स्वामी जी महराज भारत की सनातन परंपरा के ध्वजवाहक थे। उन्होंने करूणा और मैत्री का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। श्री योगी ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नही है, यह भारत की आत्मा का केन्द्र बिन्दु भी है।

**बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश भारत की अर्थ व्यवस्था की ब्रेक थ्रू बन करके आज लगातार प्रगति के एक नए पथ पर अग्रसर हो करके कार्य कर रहा है आगे बढ़ रहा है।**

**********

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत दावे और आपत्ति की समय सीमा एक महीने के लिए बढ़ा दी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट–

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब मतदाता 6 मार्च 2026 तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। 10 अप्रैल 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बड़ी संख्या में फॉर्म 6 ए प्राप्त हुए। प्रवासी निर्वाचकों के भी आवेदन आए हैं। श्री रिणवा ने कहा कि नाम जोड़ने के लिए 37 लाख 80 हजार से ज्यादा फॉर्म प्राप्त हुए हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र नौ फरवरी से शुरू होगा। बीस फरवरी तक चलने वाले इस सत्र में ग्यारह फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, नौ फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, जिसमें दोनों सदनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कुछ अध्यादेश और विधेयक भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे। 11 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना विधान सभा में बजट प्रस्तुत करेंगे। 13 फरवरी तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चलेगी। 16 फरवरी से 20 फरवरी तक बजट पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सत्र के अंतिम दिन सदन स्थगित होने से पहले उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक पारित कराया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

प्रदेश सरकार एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार छब्बीस–जेईईसीयूपी के तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीस अप्रैल दो हजार छब्बीस है। अधिक जानकारी के लिए विभाग की अधिकृत वेबसाइट को देखने की सलाह दी गई है।

**********

प्रदेश के राजधानी लखनऊ में आज सुबह सात बज कर पैंतीस मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गये। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता तीन दशमलव सात मापल गइल। भूगर्भ विज्ञान विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक अर्थ क्वेक का सेंटर गोंडा जिले में स्थित था।

**********

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के बाद प्रदेश में तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार चार दिनों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा। विभाग ने आज से लेकर आठ फरवरी तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में तेज सतही हवाएं चलने का पूर्वानुमान भी जताया है।

**********